gradeup

साप्ताहिक वन लाइनर्स

1-7 मई 2019

साप्ताहिक एक लाइनर अपडेटस

1-7 मई 2019

महत्वपूर्ण दिवस

1. 'अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस' हर वर्ष मनाया जाता है____**1 मई।**

नोट:

- यह दिवस श्रमिकों के आठ घंटे काम करने के आंदोलन की जीत के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। यह दुनिया भर में श्रमिकों के आर्थिक और सामाजिक अधिकारों को प्राप्त करने में किए गए बलिदान के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करता है।
- अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस 2019 का विषय 'Sustainable Pension for all: The Role of Social Partners' है।
- मजदूर दिवस को कामगर दिन (हिंदी), कर्मिकारा दीनाचरन (कन्नड़), कामगर दिवस (मराठी), उझाईपलारधीनम (तमिल), और थोजिलाली दीनम (मलयालम) के रूप में भी जाना जाता है।

2. दो राज्य जिन्होंने 1 मई, 2019 को 60वां स्थापना दिवस मनाया ___ **गुजरात और महाराष्ट्र।**

नोट:

- वर्ष 1960 में, दो पश्चिमी राज्य गुजरात और महाराष्ट्र आज के ही दिन पूर्ववर्ती राज्य बॉम्बे से बने थे।
- हर वर्ष महाराष्ट्र सरकार 1 मई को महाराष्ट्र दिवस के रूप में मनाए जाने के लिए सार्वजनिक अवकाश की अधिसूचना जारी करती है।

3. दुनिया भर में **'विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस'** हर वर्ष मनाया जाता है___ **3 मई।**

नोट:

- वर्ष 2019 का विषय 'Media for Democracy: Journalism and Elections in Times of Disinformation' है।
- यह शांति और मैत्री प्रक्रियाओं के समर्थन में मीडिया की क्षमता के साथ चुनावों में मीडिया के सामने आने वाली वर्तमान चुनौतियों पर चर्चा करता है।
- विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस की घोषणा यूनेस्को की जनरल कांफ्रेस की सिफारिश के बाद दिसंबर, 1993 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने की थी।

4. **विश्व हास्य दिवस** दुनिया भर में हर वर्ष मनाया जाता है _____ **मई के पहले रविवार।**

नोट:

- यह हंसी और इसके कई आरोग्यकर लाभों के बारे में जागरूकता बढ़ाने का दिवस है।
- यह दिवस पहली बार 10 मई, 1998 को मुंबई में डॉ. मदन कटारिया (दुनिया भर में हास्य योग आंदोलन के संस्थापक) द्वारा मनाया गया था।

5. विश्व अस्थमा दिवस हर वर्ष मनाया जाता है ___**मई के पहले मंगलवार।**

नोट:

- अस्थमा फेफड़ों का एक जीर्ण रोग है जिसके कारण सांस लेने में समस्या होती है।
- आमतौर पर अस्थमा में खांसी, सीने में जकड़न, सांस फूलना जैसे लक्षण दिखाई देते हैं।

- इस वर्ष विश्व अस्थमा दिवस का विषय 'Stop for Asthma' है।
- वर्ष 1998 में, बार्सिलोना, स्पेन में आयोजित पहली विश्व अस्थमा बैठक के संयोजन में 35 से अधिक देशों में पहला विश्व अस्थमा दिवस मनाया गया।

नई नियुक्तियां

1. जापान के नए सम्राट जो औपचारिक रूप से **क्राइसैंथिमम थ्रोन** पर बैठे___ **नरुहितो।**

नोट:

- टोक्यो के इंपीरियल पैलेस में आयोजित एक समारोह में, नरुहितो जापान के 126वें सम्राट बने।
- **रेइवा** नामक एक नया **शाही युग**, जिसका अर्थ है आदेश और सामंजस्य, अब शुरू हो गया है।
- जापान में सम्राट के पास कोई राजनीतिक शक्ति नहीं होती है लेकिन वह राष्ट्रीय प्रतीक के रूप में कार्य करता है।

2. इजराइल के नए प्रधान मंत्री के रूप में किसने शपथ ली___ **बेंजामिन नेतन्याहू।**

नोट:

- नेतन्याहू की लिकुड पार्टी ने चुनाव में पूर्व सैन्य प्रमुख बेनी गेंट्ज़ के नेतृत्व में उनके प्रमुख प्रतिद्वंदी ब्लू एंड व्हाइट गठबंधन के समान 35 सीटें जीतीं।
- बेंजामिन "बीबी" नेतन्याहू का जन्म वर्ष 1949 में तेल अवीव में हुआ था।

3. वरिष्ठ IAS अधिकारी जिन्हें **लोकपाल कार्यालय** में **विशेष कार्य अधिकारी** (OSD) नियुक्त किया गया ___ **दिलीप कुमार।**

नोट:

- यह संभवत: लोकपाल में किसी नौकरशाह की पहली आधिकारिक नियुक्ति है।
- वर्तमान में, श्री कुमार राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (NHRC) के संयुक्त सचिव हैं।
- राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद ने न्यायमूर्ति पिनाकी चंद्र घोष को लोकपाल (23 मार्च) के अध्यक्ष पद की शपथ दिलाई थी।

4. राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम (NCAP) लागू करने के लिए केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय समिति का प्रमुख कौन होगा___ **सचिव, केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय।**

5. अमेरिकी वायु सेना के जनरल जिन्होंने 29-देशों के नाटो सैन्य गठबंधन के शीर्ष सैन्य अधिकारी के रूप में शपथ ग्रहण की___ **टॉड डी. वॉल्टर्स।**

नोट:

- पूर्व पायलट वॉल्टर्स ने अफगानिस्तान और इराक में अपनी सेवाएं दी हैं।
- उन्हें दक्षिणी बेल्जियम के मॉन्स में नाटो के सैन्य मुख्यालय में आयोजित एक समारोह में सुप्रीम एलाइड कमांडर यूरोप बनाया गया।
- वह यूरोप में अमेरिकी सेनाओं के कमांडर भी होंगे।

6. न्यायमूर्ति श्रीपति रवींद्र भट ने किस न्यायालय के 36वें मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ग्रहण की____**राजस्थान उच्च न्यायालय।**

नोट:

- न्यायमूर्ति भट को राज्यपाल कल्याण सिंह ने जयपुर के राजभवन में आयोजित एक विशेष समारोह में शपथ दिलाई।
- उन्हें वर्ष 2004 में दिल्ली उच्च न्यायालय के अतिरिक्त न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किया गया था और वह 20 फरवरी, 2006 को स्थायी न्यायाधीश बने थे।

7. पेटीएम के अध्यक्ष जिन्होंने कंपनी छोड़ दी _____ **भूषण पाटिल।**

नोट:

- पाटिल का बाहर निकलना हाल के समय में कंपनी के सबसे वरिष्ठ मार्गदर्शकों में से एक (मार्च, 2016 में पेटीएम में शामिल) का कंपनी छोड़ना है।
- **पेटीएम** की स्थापना अगस्त, 2010 में नोएडा में इसके **संस्थापक विजय शेखर शर्मा** द्वारा 2 मिलियन अमेरिकी डॉलर के प्रारंभिक निवेश के साथ की गई थी।

8. पाकिस्तान के अर्थशास्त्री जिन्हें स्टेट बैंक ऑफ पाकिस्तान (SBP) का गवर्नर नियुक्त किया गया __ **डॉ. रजा बाकिर।**

नोट:

- वह तारिक बाजवा की जगह लेंगे, जिन्हें उनके पद से हटा दिया गया था।
- वर्तमान में, डॉ. रजा बाकिर (हार्वर्ड और बर्कले यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया के पूर्व छात्र) IMF में मिस्र के वरिष्ठ आवासी प्रतिनिधि के रूप में सेवारत हैं।
- सरकार ने अहमद मुजतबा मेमन को कर संग्रहण संस्था FBR के अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया है।

9. **बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज** (BSE) की पहली **स्वतंत्र महिला निदेशक** किन्हें नियुक्त किया गया ___ **एम. जयश्री व्यास।**

नोट:

- वह एक योग्य चार्टर्ड अकाउंटेंट है।
- जयश्री व्यास, वर्ष 1986 से श्री महिलासेवा सहकारी बैंक, अहमदाबाद की प्रबंध निदेशक (MD) के रूप में कार्यरत थीं।
- उन्होंने वर्ष 2001 में सेवा बैंक में पहले वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम के शुभारंभ में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।
- वर्ष 2013 के कंपनी अधिनियम ने कुछ निश्चित श्रेणी की कंपनियों को बोर्ड में कम से कम एक महिला निदेशक नियुक्त करने का आदेश दिया गया। SEBI ने कंपनी अधिनियम 2013 की स्वीकृति में अक्टूबर 2014 से बोर्ड में कम से कम एक महिला का होना अनिवार्य कर दिया।

महत्वपूर्ण समाचार - भारत

1. **केंद्र सरकार** ने राज्य के परिवहन विभागों से सभी बैटरी चालित वाहनों (मौजूदा और नए दोनों) में तत्काल प्रभाव से किस रंग की नंबर प्लेट लगाने को कहा है_____**हरे।**

नोट:

- अगस्त 2018 में, सड़क परिवहन मंत्रालय ने सभी बैटरी चालित या इलेक्ट्रिक वाहनों (EV) के लिए नई नंबर प्लेट पेश की थी।

- एक इलेक्ट्रिक कार वह ऑटोमोबाइल है जिसे रिचार्जेबल बैटरी में संग्रहीत ऊर्जा का उपयोग करके एक या एक से अधिक इलेक्ट्रिक मोटर्स द्वारा चलाया जाता है।

2. कोलकाता स्थित किस रक्षा शिपयार्ड ने भारतीय नौसेना के लिए आठ **पनडुब्बी रोधी युद्धक शैलो वॉटरक्राफ्ट** बनाने के लिए रक्षा मंत्रालय के साथ 6,311 करोड़ रुपये के अनुबंध पर हस्ताक्षर किए ___ **गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स।**

नोट:

- पहला जहाज अनुबंध से 42 महीनों के अंदर (अक्टूबर 2022 तक) प्रदान किया जाएगा।
- ASWSWC एक एल्गोरिथ्म जो दुश्मन की पनडुब्बी से मिलने वाले संकेतों को समुद्र तल में चलने वाली पनडुब्बी से अलग करता है, सहित परिष्कृत सोनार से लैस हैं।
- इन जहाजों में पनडुब्बी के साथ संपर्क बनाए रखने के लिए कम समय में विस्फोट हेतु तेज चलने की क्षमता भी होगी।
- इसके बाद, GRSE को अप्रैल 2026 तक डिलीवरी को पूरा करते हुए प्रति वर्ष दो और ASWSWC वितरित करने होंगे।

3. **स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट** (SIPRI) की एक नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2018 में दुनिया का सर्वाधिक **सैन्य खर्च करने वाला चौथा बड़ा देश** कौन था ___ **भारत।**

नोट:

- वैश्विक सैन्य खर्च दुनिया की GDP का 2.1% है।
- वैश्विक रक्षा खर्च में भारत का हिस्सा 3.7% है।
- स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट (SIPRI) स्वीडन में स्थित एक अंतर्राष्ट्रीय संस्थान है, जो संघर्ष, आयुध, हथियार नियंत्रण और निश:स्त्रीकरण में अनुसंधान के लिए समर्पित है।

4. उप-राष्ट्रपति **एम. वेंकैया नायडू** ने किसकी 750वीं जयंती के उपलक्ष्य में एक **डाक टिकट** जारी किया _____ **श्री वेदांत देशिकन।**

नोट:

- श्री नायडू के अनुसार, पाठ्यपुस्तकों को श्री वेदांत देशिकन जैसे महान संतों और आध्यात्मिक प्रतिरूपों के जीवन पर प्रकाश डालना चाहिए।
- श्री वेदांत देशिकन एक श्री वैष्णव गुरु/दार्शनिक और रामानुज के बाद के काल में श्री वैष्णववाद के सबसे निष्ठावान समर्थकों में से एक थे।
- वह एक कवि, भक्त, दार्शनिक और प्रधान-शिक्षक (देशिकन) थे।

5. पुलवामा में **'भारत फाइबर'** की शुरुआत के साथ **ऑप्टिकल फाइबर-आधारित हाई-स्पीड ब्रॉडबैंड सेवा** शुरू करने वाला पहला ऑपरेटर ___ **भारत संचार निगम लिमिटेड (BSNL)।**

नोट:

- इस विशिष्ट राजस्व हिस्सेदारी मॉडल के तहत, यह कश्मीर घाटी में शुरू होने वाली पहली FTTH (फाइबर-टू-द-होम) सेवा है।
- BSNL 160 से अधिक दूरसंचार जिलों में 777-16,999 रुपये के मासिक शुल्क के साथ FTTH सेवा प्रदान करता है, जिसकी न्यूनतम गति 2 मेगाबिट प्रति सेकंड है।

6. भारतीय नौसेना के प्रॉजेक्ट 75 की चौथी स्टील्थ स्कॉर्पियन श्रेणी की **पनडुब्बी 'वेला'** कहां लॉन्च की गई _____ **मुंबई, महाराष्ट्र।**

नोट:

- पनडुब्बियों का निर्माण मझगांव डॉक लिमिटेड में किया जा रहा है, जिसमें मुख्य सहयोगी मैसर्स नेवल ग्रुप, फ्रांस है।
- पनडुब्बी को 'वेला' नाम एक पूर्व की पनडुब्बी के नाम पर दिया गया था, जो तत्कालीन वेला श्रेणी की प्रमुख पनडुब्बी थी, जो पूर्व के USSR से हासिल की गई फॉक्सट्रॉट श्रेणी की पनडुब्बियों का दूसरा बैच था।
- INS वेला को पहली बार 31 अगस्त, 1973 को भारतीय नौसेना सेवा में शामिल किया गया और यह 37 वर्षों तक सेवा में रहा।

7. **भारत सरकार** ने महात्मा गांधी की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में अपशिष्ट से संपन्नता (Waste to Wealth) प्रौद्योगिकी हेतु उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करने के लिए किस IIT के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए ____**IIT दिल्ली।**

नोट:

- यह साझेदारी, हितधारकों को अपशिष्ट की प्रभावी रीसाइक्लिंग, पुन: उपयोग और संसाधित प्रतिलाभ के लिए समेकित दृष्टिकोण के उपयोग हेतु एक प्रभावी मंच प्रदान करेगी।

8. राजपूत श्रेणी का विध्वंसक पोत जिसे विशाखापत्तनम स्थित नौसेना डॉकयार्ड में आयोजित एक औपचारिक समारोह में सेवा मुक्त किया गया____ **INS रंजीत।**

नोट:

- समारोह में कमीशन क्रू के 16 अधिकारियों और 10 नाविकों और 23 भूतपूर्व कमांडिंग ऑफीसरों ने भाग लिया।
- 15 सितंबर, 1983 को पूर्व के USSR में कैप्टन विष्णु भागवत द्वारा शामिल जहाज ने 36 वर्षों तक राष्ट्र के लिए उत्कृष्ट सेवा प्रदान की।

9. मुंबई स्थित **संजय गांधी राष्ट्रीय उद्यान** में अंतिम बंदी **सफेद बाघ** जिसकी 18 वर्ष की आयु में मृत्यु हो गई ____**बाजीराव।**

नोट:

- वह पिछले चार वर्षों से बाएं कंधे पर गंभी एंकिलोसिस और बुढ़ापे से संबंधित सामान्य गठिया से पीड़ित था
- BVC के विकृति विज्ञान विभाग द्वारा किए गए बाघ के शव परीक्षण में मृत्यु के संभावित कारण के रूप में वृद्धावस्था के साथ कई अंगों की विफलताएं बताई गई हैं।

10. भारत में लाखों संबंधित उपभोक्ताओं और व्यवसायों को एक परिष्कृत ग्राहक अनुभव प्रदान करने के लिए **वोडाफोन आइडिया लिमिटेड** के साथ किसने समझौते पर हस्ताक्षर किए ____ **IBM.**

नोट:

- यह साझेदारी वोडाफोन आइडिया को अपने 387 मिलियन ग्राहकों के साथ अनुबंध को सक्षम बनाने के लिए हाइब्रिड क्लाउड आधारित डिजिटल प्लेटफॉर्म प्रदान करेगी।
- नया अवसंरचना प्लेटफॉर्म वीडियो, स्ट्रीमिंग और डिजिटल कॉमर्स की बढ़ती खपत से संचालित डेटा उपयोग की कई गुना वृद्धि में बाधाओं को दूर करने में मदद करेगा।

महत्वपूर्ण समाचार - विश्व

1. म्यांमार को हथियार बेचने पर लगे प्रतिबंध को किसने विस्तारित किया _____ **यूरोपीय संघ (EU)।**

नोट:

- संयुक्त राष्ट्र द्वारा दुनिया के सबसे सताए गए लोगों के रूप में वर्णित रोहिंग्या को वर्ष 2012 में सांप्रदायिक हिंसा में दर्जनों लोगों के मारे जाने के बाद से हमलों का सामना करना पड़ा है।
- अगस्त 2017 में, लगभग 750,000 रोहिंग्या शरणार्थी बांग्लादेश सीमा पार करने के लिए उत्तरी म्यांमार में एक सैन्य कार्यवाही से भाग गए, जहां सताए गए 300,000 मुस्लिम अल्पसंख्यक पहले से ही शिविरों में थे।

2. वर्ष 2017-18 के दौरान भारत में तीसरा सबसे बड़ा विदेशी प्रत्यक्ष निवेशक राष्ट्र कौन सा है, जिसका पूरे क्षेत्रों में निवेश लगभग 2.67 बिलियन अमेरिकी डॉलर है_____**नीदरलैंड।**

नोट:

- नीदरलैंड वर्ष 2017 में 12.8 बिलियन अमेरिकी डॉलर के निवेश के साथ, भारतीय कंपनियों के बीच विदेशी निवेश के लिए सिंगापुर के बाद दूसरा सबसे बड़ा स्थान था।
- वार्ता का उद्देश्य भारत और नीदरलैंड के बीच तेज तकनीकी परिवर्तनों के समय में व्यापार साझेदारी को मजबूत करना था।

3. भारत-फ्रांस संयुक्त नौसैनिक अभ्यास का पहला भाग जो गोवा तट पर शुरू हुआ _____ **वरुण 19.1.**

नोट:

- अभ्यास दो चरणों में आयोजित किया जा रहा है।
- गोवा में होने वाले हार्बर चरण में क्रॉस-विज़िट, पेशेवर संवाद और चर्चा तथा खेल प्रतिस्पर्धाएं शामिल होंगी।
- **वरुण 19.2** (अभ्यास का दूसरा भाग) मई के अंत में जिबूती में आयोजित होगा।

4. **पर्यावरण एवं जलवायु आपातकाल** घोषित करने वाली पहली राष्ट्रीय सरकार_____**यू.के।**

नोट:

- यह निर्णय जलवायु परिवर्तन से निपटने की अति आवश्यकता की भावना को दर्शाता है।
- एक्स्टिंगशन रेबिलियन (Extinction Rebellion) कार्यकर्ता समूह द्वारा ग्यारह दिनों के विरोध प्रदर्शन ने हाल के सप्ताह में सेंट्रल लंदन में बड़े व्यवधान पैदा किए।
- जलवायु आपातकाल की कोई एक परिभाषा नहीं है, लेकिन कई स्थानीय क्षेत्रों का कहना है कि वे वर्ष 2030 तक कार्बन-तटस्थ होना चाहते हैं।

5. स्वतंत्र विचारों वाली एक पूर्व इंटरनेट कंपनी द्वारा वित्त पोषित एक **जापानी एयरोस्पेस स्टार्टअप** ने किस मानव रहित छोटे रॉकेट को सफलतापूर्वक लॉन्च किया_____ **'MOMO-3'.**

नोट:

- जापानी एयरोस्पेस स्टार्टअप इंटरस्टेलर टेक्नोलॉजी के अनुसार, इसका 10-मीटर (32-फुट) का छोटा जहाज प्रशांत महासागर में गिरने से पहले लगभग 100 किलोमीटर (60 मील) की ऊंचाई पर पहुँच गया।
- यह सफल उड़ान लगभग 10 मिनट तक चली और वर्ष 2017 और 2018 में इसी कंपनी द्वारा दो असफल प्रक्षेपणों के बाद पूरी हुई।

- यह कक्षा में पहुंचने वाला व्यावसायिक रूप से विकसित पहला जापानी रॉकेट है।

6. **इसरो** (भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन) के अनुसार, भारत का दूसरा चंद्र अभियान **चंद्रयान -2** कब प्रक्षेपित किया जाएगा _____ **इस वर्ष 9 से 16 जुलाई के बीच।**

नोट:

- चंद्रयान -2 का लैंडर 6 सितंबर को चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के पास पहुंच जाएगा।
- राष्ट्रीय अंतरिक्ष एजेंसी ने कहा, चंद्रयान -2 में इसके तीन मॉड्यूल होंगे, एक ऑर्बिटर, विक्रम नाम का एक लैंडर और प्रज्ञान नाम का एक रोवर।
- चंद्रयान -2 को भारत के सबसे शक्तिशाली रॉकेट GSLV-मार्क -3 का उपयोग करके लॉन्च किया जाएगा।

7. **जन सेवा केंद्र** (CSC) ई-गवर्नेंस सर्विसेज इंडिया लिमिटेड ने किस अभियान को संपन्न बनाने के लिए भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (IIT)- कानपुर के साथ समझौता किया _____ **उन्नत भारत अभियान।**

नोट:

- उन्नत भारत अभियान के तहत, IIT-कानपुर ने उत्तर प्रदेश के 15 उच्च शिक्षण संस्थानों को एक साथ लाया है।
- ये संस्थान ग्राम पंचायतों को गोद लेंगे और उन्हें CSC के माध्यम से सभी नागरिक केंद्रित सेवाएं प्रदान करेंगे।
- **'उन्नत भारत अभियान'** ग्रामीण भारत में सतत विकास में तेजी लाने हेतु समाधान खोजने के लिए मानव संसाधन विकास मंत्रालय की एक पहल है।

सम्मान एवं पुरस्कार

1. बिश्व बांग्ला कन्वेंशन सेंटर में 27वें लाइफटाइम **पी.सी. चंद्र पुरस्कार 2019** से किन्हें सम्मानित किया गया ___ **डॉ. देवी प्रसाद शेट्टी।**

नोट:

- डॉ. शेट्टी भारत के सबसे प्रतिष्ठित हृदय संबंधी सर्जन और मानवतावादी हैं।
- बेलुर मठ स्थित रामकृष्ण मठ और रामकृष्ण मिशन के महासचिव **स्वामी सुविरानंदजी महाराज** इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए और पुरस्कार प्रदान किए।
- यह पुरस्कार पी.सी. चंद्रा समूह के संस्थापक स्वर्गीय श्री पूर्ण चंद्र को श्रद्धांजलि है।

2. फ्रांस के सर्वोच्च नागरिक सम्मान से सम्मानित इसरो के पूर्व अध्यक्ष ___ **ए.एस. किरण कुमार।**

नोट:

- उन्हें भारत-फ्रांस अंतरिक्ष सहयोग में उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया।
- कुमार वर्ष 2015 से 2018 तक भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) के अध्यक्ष थे।
- वर्तमान में, वे पृथ्वी अवलोकन उपग्रहों पर इसरो समिति के अध्यक्ष हैं।

3. **मैरीलेबोन क्रिकेट क्लब** (MCC) के **पहले गैर-ब्रिटिश अध्यक्ष** के रूप में नियुक्त श्रीलंका के पूर्व बल्लेबाज __ **कुमार संगकारा।**

नोट:

- वह 1 अक्टूबर, 2019 को अपने एक वर्षीय कार्यकाल का पद संभालेंगे।

- MCC की स्थापना वर्ष 1787 में हुई थी और यह लॉर्ड्स में स्थित है, जिसे वर्ष 1814 से इसका स्वामित्व प्राप्त है।
- यह खेल के नियमों का संरक्षक है।

4. तीन दिवसीय राज्याभिषेक समारोह के मुख्य आकर्षण उनके सिंहासन पर बैठने के दो वर्ष बाद सोने की परतों वाला मुकुट पहनने वाले थाईलैंड के राजा ___ **महा वजीरालॉन्गकोर्न।**

नोट:

- वजीरालॉन्गकोर्न को 7.3 किलोग्राम का विजयी मुकुट पहनाया गया, जिसे उन्होंने अपना पहला शाही आदेश जारी करने से पहले पहना।
- वजीरालॉन्गकोर्न अक्टूबर 2016 में राजा बने, जब उनके पिता, राजा भूमिबोल अदुल्यादेज का 70 वर्ष तक शासन करने के बाद निधन हो गया।
- थाईलैंड की राजशाही संवैधानिक राजतंत्र और थाईलैंड साम्राज्य (पूर्व में सियाम) के सम्राट के बारे में बताती है।

5. काठमांडू में आयोजित एक समारोह में "एक व्यक्ति द्वारा सबसे लंबे समय तक नृत्य" पर **गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड** स्थापित करने के लिए **लगातार 126 घंटे नृत्य** करने वाली नेपाली युवती___ **बंदना नेपाल।**

नोट:

- बंदना नेपाल ने भारत की **कलामंदलम हेमलथा** द्वारा बनाए गए रिकॉर्ड को तोड़ दिया, जिन्होंने लगातार 123 घंटे 15 मिनट (वर्ष 2011 में) नृत्य किया था।
- नेपाल के प्रधान मंत्री **केपी शर्मा ओली** ने युवती बंदना नेपाल को यह उपलब्धि हासिल करने के लिए सम्मानित किया।

6. अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने **'प्रेजिडेंशियल मेडल ऑफ फ्रीडम'** किसे प्रदान किया _____**टाइगर वुड्स।**

नोट:

- वुड्स ऐसे चौथे और सबसे युवा गोल्फ खिलाड़ी है जिन्हें सर्वोच्च अमेरिकी नागरिक पुरस्कार प्रदान किया गया है।
- वुड्स ने पिछले महीने मास्टर्स टूर्नामेंट जीता, जो वर्ष 2008 के अमेरिकी ओपन के बाद उनका पहला बड़ा खिताब था, जिसमें उन्होंने व्यक्तिगत समस्याओं और शारीरिक चोटों से उभरते हुए शानदार वापसी की थी।

7. लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) **जैक फर्ज राफेल** (JFR) जैकब को एमुनीशन हिल स्थित वॉल ऑफ ऑनर पर पट्टिका से किसने सम्मानित किया __ **इजराइल।**

नोट:

- लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) जे.एफ.आर. जैकब ने वर्ष 1971 के बांग्लादेश स्वतंत्रता संग्राम के बाद ढाका में पाकिस्तानी सैनिकों के ऐतिहासिक आत्मसमर्पण पर वार्ता की थी।
- एमुनीशन हिल स्थित वॉल ऑफ ऑनर उन यहूदी सैनिकों की वीरता और साहस को श्रद्धांजलि अर्पित करती है जो अपने देश की रक्षा में "बहादुरी, वफादारी, प्रतिबद्धता के मूल्यों के कार्यान्वयन और एक मिशन के प्रति समर्पण, नेतृत्व, रचनात्मकता, सौहार्द और जीवन की शुचिता" हेतु लड़े थे।

खेल समाचार

1. दिल्ली गोल्फ क्लब में आयोजित वार्षिक **भारत गोल्फ उद्योग संघ** (GIA) पुरस्कार के चौथे संस्करण में **'आउटस्टैंडिंग अचीवमेंट ऐज ए प्लेयर'** पुरस्कार जीतने वाले भारतीय गोल्फर ___ **गगनजीत भुल्लर।**

नोट:

- भुल्लर ने एक यूरोपीय टूर प्रतियोगिता 2018 फिजी इंटरनेशनल जीता और टूर में नौ कैरियर जीत हासिल करके एशियाई टूर पर सबसे युवा गोल्फर बन गए।
- GIA पुरस्कार दक्षिण एशिया के सबसे बड़े गोल्फ व्यापार शो '8वें इंडिया गोल्फ एंड टर्फ एक्सपो (IGTE) के साथ आयोजित किए गए थे।

2. मैनचेस्टर सिटी के स्टार खिलाड़ी जिन्हें 2019 फुटबॉलर ऑफ द ईयर चुना गया ____ **रहीम स्टर्लिंग।**

नोट:

- विजेता का चयन फुटबॉल राइटर्स एसोसिएशन (FWA) के सदस्यों के बीच एक वोट द्वारा किया जाता है, जिसमें इंग्लैंड के लगभग 400 फुटबॉल पत्रकार शामिल होते हैं।
- 'पेरिस' (मैनचेस्टर सिटी और इंग्लैंड फॉरवर्ड) ने 11 वोट हासिल करके विवियन मेईडेमा (आर्सेनल और नीदरलैंड स्ट्राइकर) को केवल एक वोट से हराकर महिलाओं का पुरस्कार जीता।

3. ऑस्ट्रियाई टेनिस खिलाड़ी जिन्होंने बार्सिलोना ओपन 2019 जीता ___ **डोमेनिक थिएम।**

नोट:

- वह पिछले 15 वर्षों में बार्सिलोना में खिताब जीतने वाले चौथे खिलाड़ी (राफेल नडाल, केई निशिकोरी और फर्नांडो वर्डास्को के बाद) बने।
- **बार्सिलोना ओपन 2019** स्पेन के कैटेलोनिया स्थित बार्सिलोना में रियल क्लब डे टेनिस बार्सिलोना में आयोजित हुआ।

4. हैम्पशायर में शामिल होने वाले भारत के पहले खिलाड़ी___ **अजिंक्य रहाणे।**

नोट:

- रहाणे दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज एडन मार्करम की जगह लेंगे।
- वह मई, जून और जुलाई के महीनों के दौरान काउंटी चैम्पियनशिप में खेलेंगे (वीजा मिलने के अधीन)।
- **हैम्पशायर काउंटी क्रिकेट क्लब** (वर्ष 1863 में स्थापित) इंग्लैंड और वेल्स के घरेलू क्रिकेट के अंदर 18 प्रथम श्रेणी काउंटी क्लबों में से एक है।

5. भारतीय फुटबॉल टीम के नए तकनीकी निदेशक के रूप में नियुक्त रोमानिया के खिलाड़ी ____ **इसाक दोरू।**

नोट:

- इसाक अंतरिम तकनीकी निदेशक सैवियो मेडीरा की जगह लेंगे।
- दोरू को इस पद के लिए आवेदन करने वाले 60 से अधिक उम्मीदवारों की सूची में से चुना गया था।
- दोरू अन्य देशों के बीच फ्रांस, जापान, अमेरिका, रोमानिया, सऊदी अरब, कतर सहित कई देशों में अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल में लगभग 29 वर्षों का अनुभव रखते हैं।

6. इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) - 2019 में हैट्रिक लेने वाले राजस्थान रॉयल्स के लेग स्पिनर ____ **श्रेयस गोपाल।**

नोट:

- उन्होंने बैंगलोर के विराट कोहली (25), एबी डिविलियर्स (10) और मार्कस स्टोइनिस (0) को आउट करके यह उपलब्धि हासिल की।
- गोपाल की हैट्रिक IPL के इतिहास में हैट्रिक दर्ज करने वाले गेंदबाजों की 19वीं हैट्रिक है।
- क्रिकेट में एक हैट्रिक तब होती है जब कोई गेंदबाज तीन बल्लेबाजों को लगातार गेंदों पर आउट करता है।
- IPL लीग में सर्वाधिक तीन बार हैट्रिक लेने का रिकॉर्ड भारतीय लेग स्पिनर अमित मिश्रा के नाम दर्ज है।

7. गुलाबी शहर **जयपुर** 8वीं एशियाई युवा महिला हैंडबॉल चैंपियनशिप की मेजबानी कब करेगा _____**21 से 30 अगस्त, 2019 तक।**

नोट:

- पिछला संस्करण वर्ष 2017 में इंडोनेशिया के जकार्ता में आयोजित किया गया था।
- एशियाई महिला युवा हैंडबॉल चैंपियनशिप एशियाई हैंडबॉल महासंघ के तत्वावधान में आयोजित एशिया की युवा महिला राष्ट्रीय हैंडबॉल टीमों की आधिकारिक प्रतियोगिता है।
- यह हर दो वर्ष में होती है।

8. बार्सिलोना क्लब के दिग्गज खिलाड़ी जिन्होंने मौजूदा सत्र के अंत में पेशेवर फुटबॉल से संन्यास लेने की घोषणा की_____ **ज़ावी हर्नांडेज (39 वर्षीय)।**

नोट:

- ज़ावी ने स्पेन को वर्ष 2010 विश्व कप और 2008 तथा 2012 में यूरोपीय चैंपियनशिप जीतने में मदद की।
- उन्होंने बार्सिलोना की ओर से रिकॉर्ड 767 मैच खेले और क्लब को 25 खिताब जीतने में मदद की, जिसमें चार चैंपियंस लीग और आठ स्पेनिश लीग शामिल हैं।

9. बजरंग पूनिया कहां पर आयोजित अली अलियेव कुश्ती टूर्नामेंट में 65 किलोग्राम फ्रीस्टाइल में स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले भारतीय बन गए _____ **कपिस्क।**

नोट:

- उन्होंने रूस के विक्टर रसाडिन को हराया।
- इससे पहले, बजरंग पूनिया ने पिछले सप्ताह चीन के शीआन में आयोजित एशियाई चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता था।
- बजरंग (JSW स्पोर्ट्स एक्सीलेंस प्रोग्राम का हिस्सा) ऐतिहासिक मैडिसन स्क्वायर गार्डन एरीना में लड़ेंगे।
- वह पूर्व कैडेट विश्व चैंपियन और दो बार के NCAA चैंपियन यिआनी डियाकोमिहेलिस से मुकाबला करेंगे।

10. मलेशिया के कुआलालंपुर में अपने **एशियाई स्क्वैश चैंपियनशिप** के खिताब जीतने वाले शीर्ष भारतीय स्क्वैश खिलाड़ी __ **सौरव घोषाल और जोशना चिनप्पा।**

नोट:

- सौरव घोषाल ने लियो औ चुन मिंग (हांगकांग) को 11-9, 11-2, 11-8 से हराकर पुरुष एकल खिताब जीता।
- जोशना चिनप्पा ने महिलाओं की फाइनल स्पर्धा में शीर्ष वरीयता प्राप्त एनी औ (हांगकांग) को 11-5, 6-11, 11-8, 11-6 से हराकर अपना खिताब बरकरार रखा।
- घोषाल जो विश्व रैंकिंग के शीर्ष दस में पहुंचने वाले पहले भारतीय पुरुष खिलाड़ी बने थे, पिछले संस्करण के अंतिम दौर में पहुंचने वाले खिलाड़ी हैं।

11. दो वर्ष में होने वाली विश्व टीम चैंपियनशिप के 2024 संस्करण (32 टीमें भाग ले रहीं हैं) के लिए दावेदारी पेश करने का फैसला किसने किया___ **भारतीय टेबल टेनिस महासंघ (TTFI)।**

नोट:

- भारत में पिछली बड़ी ITTF प्रतियोगिता वर्ष 2012 में हुई थी जब हैदराबाद ने विश्व जूनियर चैंपियनशिप की मेजबानी की थी।
- महासंघ के सचिव **एम.पी. सिंह** के अनुसार, TTFI ने खेल मंत्रालय को अर्जुन पुरस्कार के लिए तीन नामों की सिफारिश की है और ये नाम हरमीत देसाई, सनिल शेट्टी और मधुरिका पाटकर हैं।

बैंकिंग एवं वित्तीय जागरुकता

1. कर चोरों को पकड़ने और काले धन को कम करने के लिए डेटा आदान-प्रदान में सुविधा हेतु **माल एवं सेवा कर नेटवर्क** (GSTN) ने किसके साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए_____ **आयकर विभाग।**

नोट:

- इस कदम से आयकर विभाग को वार्षिक GST रिटर्न की तुलना में आयकर रिटर्न में व्यवसायों द्वारा दर्ज की गई जानकारी को सत्यापित करने की अनुमति मिलेगी।
- दोनों पक्ष "स्वचालित", "सहज" और "अनुरोध आधारित" डेटा के आदान-प्रदान के साधनों पर फैसला करेंगे।
- आयकर विभाग प्रमुख वित्तीय जानकारी साझा करेगा, जिसमें GSTN के साथ आयकर रिटर्न फाइलिंग की स्थिति, कारोबार में बिक्री, कुल सकल आय, और कारोबार अनुपात शामिल है।

2. **इंडिया रेटिंग्स एंड रिसर्च** (फिच ग्रुप कंपनी) ने चालू वित्त वर्ष के लिए देश की पूर्वानुमानित विकास दर घटाकर कितनी की _____ **7.3%.**

नोट:

- एजेंसी ने अपने पूर्वानुमान को कम करने के तीन प्रमुख कारणों को सूचीबद्ध किया है।
- वर्ष 2019 के लिए सामान्य से कम मानसून और निरंतर कृषि संकट की भविष्यवाणी की।
- बैंकिंग क्षेत्र की गैर-निष्पादित परिसंपत्तियों के समाधान के लिए नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल के इनसॉल्वेंसी एंड बैंकरप्सी कोड, 2016 के तहत संदर्भित मामलों में धीमी प्रगति एक लंबी प्रक्रिया बन गई है।

3. **नेशनल स्टॉक एक्सचेंज** (NSE) को अपनी को-लोकेशन सुविधा के दुरुपयोग के मामले में 625 करोड़ रुपये से अधिक का भुगतान करने का निर्देश देने वाला बाजार नियामक ___ **सेबी।**

नोट:

- सेबी NSE की **को-लोकेशन सुविधा** के माध्यम से पेश की जाने वाली हाई-फ्रिक्वेंसी ट्रेडिंग में कथित चूक की जांच कर रहा है।
- आदेश के अनुसार, एक्सचेंज को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से छह महीने के लिए प्रतिभूति बाजार तक पहुंच प्राप्त करने से रोक दिया गया है।

4. बचत खाते में जमा राशि के साथ-साथ अल्पकालिक ऋण पर एक नई ब्याज दर व्यवस्था किसने प्रारंभ की ___**भारतीय स्टेट बैंक (SBI)।**

नोट:

- मार्च में, SBI ने घोषणा की थी कि वह बचत खाते में 1 लाख रुपये से अधिक जमा राशि और ओवरड्राफ्ट एवं नकद ऋण सुविधा पर अपनी ब्याज दर को भारतीय रिजर्व बैंक की रेपो रेट से लिंक करेगी, यह 1 मई, 2019 से प्रभावी है।
- बड़े SBI बचत खातों में जमा राशि पर ब्याज दर और कुछ अल्पकालिक ऋणों पर ब्याज दर RBI द्वारा अपनी रेपो रेट बदले पर स्वतः ही बदल जाएगी।
- इससे RBI की नीतिगत दरों का बैंकिंग दरों में बेहतर हस्तांतरण करने में मदद मिलेगी।

5. देश के युवाओं को सशक्त बनाने के लिए बेंगलुरु में एक कौशल केंद्र **'उद्यम'** की शुरुआत किसने की___ **LIC हाउसिंग फाइनेंस (LIC HFL)।**

नोट:

- इसे साझेदार **लोक भारती एजुकेशन सोसायटी** के सहयोग से शुरू किया गया है।
- यह उत्कृष्टता केंद्र BFSI, खुदरा और IT/ITES क्षेत्रों में अधिकारीहीन युवाओं को प्रशिक्षण प्रदान करेगा।
- उद्यम के तहत उत्कृष्टता केंद्र (COE) दिल्ली और बैंगलोर में शुरू किए गए हैं और बाद में इसका विस्तार अन्य शहरों में किया जाएगा।

6. **माल एवं सेवा कर** (GST) संग्रह पिछले महीने किस उच्चतम स्तर पर पहुंच गया _____**1.13 लाख करोड़ रुपये।**

7. **भारतीय रिजर्व बैंक** (RBI) ने विनियामक मानदंडों के उल्लंघन के लिए कितने प्रीपेड भुगतान साधन (PPI) जारीकर्ताओं पर जुर्माना लगाया_____ **पांच।**

नोट:

- RBI ने विनियामक दिशानिर्देशों का पालन न करने पर वेस्टर्न यूनियन फाइनेंशियल सर्विसेज, अमेरिका और मनीग्राम पेमेंट सिस्टम, अमेरिका पर क्रमशः 29,66,959 रुपये और 10,11,653 रुपये का जुर्माना लगाया है।
- एक अन्य बयान में, RBI ने कहा, वोडाफोन एम-पैसा पर 3.05 करोड़ रुपये और मोबाइल पेमेंट्स, फोनपे, प्राइवेट और जीआई टेक्नोलॉजी पर एक-एक करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया गया।
- इसके अलावा, Y-कैश सॉफ्टवेयर सॉल्यूशंस पर 5 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया।

8. मुख्य आर्थिक सलाहकार जिन्हें 15वें वित्त आयोग की सलाहकार परिषद में इसके सदस्य के रूप में शामिल किया गया_____ **कृष्णमूर्ति सुब्रमण्यन।**

नोट:

- सुब्रमण्यन परिषद के बारहवें सदस्य होंगे।
- सलाहकार परिषद की स्थापना आयोग के विचारार्थ विषय (ToR) से संबंधित किसी भी मुद्दे या विषय पर आयोग को सलाह देने के लिए अप्रैल, 2018 में की गई थी।
- यह राजकोषीय हस्तांतरण से संबंधित मामलों में मदद करती है और अपनी सिफारिशों की गुणवत्ता, पहुंच और प्रवर्तन में सुधार करती है।

9. डिजिटल सदस्यता शुल्क मॉडल पर काम करने वाले व्यापारियों के लिए एक **आवर्ती भुगतान** (ऑटो पे) सेवा किले शुरू की _____**पेटीएम।**

नोट:

- यह कदम सदस्यता शुल्क-आधारित व्यवसायों को अपने ग्राहकों से सहज भुगतान प्राप्त करने की अनुमति देगा।
- **'ऑटो पे'** सेवा उन लोगों पर नियोजित है जो बिल भुगतान, कंटेंट सदस्यता शुल्क, किराने के सामान की खरीदारी, सदस्यता शुल्क, आवास शुल्क भुगतान आदि के लिए पेटीएम का उपयोग करते हैं।

श्रद्धांजलियां

1. इथियोपिया के पूर्व राष्ट्रपति जिनका जर्मनी में निधन हो गया _____ **डॉ. नेगासो गीडाडा।**

नोट:

- वह वर्ष 1995 और 2001 के बीच इथियोपिया के राष्ट्रपति थे।
- वह ओरोमो पीपुल्स डेमोक्रेटिक ऑर्गनाइजेशन (OPDO) के अध्यक्ष थे, जिसका नाम अब ओरोमो डेमोक्रेटिक पार्टी रखा गया है।

2. कन्नड़ रंगमंच के प्रख्यात कलाकार, टीवी अभिनेता जिनका बेंगलुरु में निधन हो गया_____ **मास्टर हिरण्य्याह।**

नोट:

- मैसूर से आए नरसिंह मूर्ति ने एक बच्चे के रूप में मंच पर अपने अभिनय की शुरुआत की।
- उन्होंने लंचावतारा नाटक में मुख्य भूमिका निभाने के बाद प्रसिद्धि हासिल की।
- मास्टर हिरण्य्याह ने वर्ष 1984 में कन्नड़ राज्य पुरस्कार, राज्योत्सव प्रशस्ति, वर्ष 1988 में गुब्बी वीरान्ना पुरस्कार, ड्रामा अकादमी पुरस्कार, वर्ष 2009 में संदेशा आर्ट्स पुरस्कार और वर्ष 2017 में महा अद्वैथी पुरस्कार जीता।

3. ब्रिटिश-अमेरिकी अभिनेता जिनका उत्तरी टेक्सास स्थित आवास पर निधन हो गया_____ **पीटर मेह्यू।**

नोट:

- पीटर मेह्यू को स्टार वार्स फिल्म श्रृंखला में चिउबक्का के किरदार के लिए जाना जाता है।
- उन्होंने अपनी भूमिका से सन्यास लेने से पहले वर्ष 1977 की मूल फिल्म से वर्ष 2015 की द फोर्स अवॉकेंस तक अपनी सभी लाइव-एक्शन प्रस्तुतियों में किरदार निभाया।
- मेह्यू एक सक्रिय समाज-सेवी भी थे।

----------0----------

gradeup